>

Title: Need to ccord Central University status to Dr. Sir Harishing Gaur University, Sagar, Madhya Pradesh and to confer 'Bharat Ratna' on dr. Sir Harisingh Gaur.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : सभापति महोदय, डॉ. हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय सागर का बहुत प्राचीन और प्रसिद्ध विश्वविद्यालय है। इस विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने की मांग यहां के नागरिकों द्वारा, यहां के बुद्धिजीवियों द्वारा और यहां के छात्रों द्वारा काफी लम्बे समय से की जा रही है। समय-समय पर इस संबंध में काफी आंदोलन वहां होते रहे हैं। अभी पिछले दिनों वहां की जनता द्वारा और समस्त राजनीतिक दलों द्वारा तीन जनवरी को अभूतपूर्व बंद का आयोजन किया गया। यह सागर के इतिहास में ऐतिहासिक बंद था, जो इस बात का प्रतीक है कि इस विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने के लिए सागर की जनता निर्णायक मूड में आ गई है। माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री भी पिछले दिनों विश्वविद्यालय के हीरक जयंती समारोह में गए थे और वहां उन्होंने इस विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने का आश्वासन दिया था। मध्य प्रदेश इतना बड़ा राज्य है, लेकिन वहां एक भी केंद्रीय विश्वविद्यालय नहीं है। माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा देश के विभिन्न राज्यों में 16 केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने की घोषणा की गई है। नैक की टीम भी जब सागर में वैल्यूएशन करने गई थी, तब उन्होंने भी सागर विश्वविद्यालय को ए प्लस ग्रेड दिया था। अतः मेरा आपके माध्यम से केंद्र सरकार से निवेदन है कि डॉ. हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने की औपचारिकता इसी सत्र में करे तथा डॉ. हरि सिंह गौर को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए।